# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH: BILASPUR:** RENAULT Bilaspur Mob: +91 8448989103, **AMBIKAPUR:** RENAULT Ambikapur Mob: +91 8448987107, **BALODA BAZAR:** RENAULT Baloda Bazar Mob: +91 8448481393, **BHILAI:** RENAULT Bhilai Mob: +91 7290017802, **DHAMTARI:** RENAULT Dhamtari Mob: +91 7838724613, **JAGDALPUR:** RENAULT Jagdalpur Mob: +91 7428297117, **KORBA:** RENAULT Korba Mob: +91 9319184879, **RAIPUR:** RENAULT Raipur Mob: +91 7290017983, RENAULT Mowa Mob: +91 8448481395, **RAJNANDGAON:** RENAULT Rajnandgaon Mob: +91 7428438931

## खबर संक्षेप

### 15 प्रधान आरक्षकों का तबादला एसपी ने जारी किया आदेश

**जांजगीर-चांपा।** पुलिसिंग व्यवस्था में कसावट लाने पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल ने 15 प्रधान आरक्षकों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार निसार परवेज को रक्षित केन्द्र जांजगीर से सायबर सेल जांजगीर, राकेश चर्तुथी को रक्षित केन्द्र जांजगीर से थाना अकलतरा, सितेश कुमार यादव को रक्षित केन्द्र जांजगीर से थाना मुलमुला, विवेक सिंह को रक्षित केन्द्र जांजगीर से सायबर सेल, चंद्रकांत कश्यप को रक्षित केन्द्र जांजगीर से थाना पामगढ़, सुनील सिसोदिया को रक्षित केन्द्र से थाना बम्हनीडीह, जगदीश प्रसाद रत्नाकर को रक्षित केन्द्र जांजगीर से नैला चौकी, महेश कुमार राठौर को रक्षित केन्द्र से पामगढ़, मिलन राठौर को रक्षित केन्द्र से बम्हनीडीह समेत 15 प्रधान आरक्षकों का तबादला किया है।

### 91 वाहनों पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कुल 91 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 27 हजार 300 रूपए समन शुल्क किया गया है। इसके अलावा वाहन चेकिंग के दौरान 31 वाहन चालकों के द्वारा मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करने पर वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 130 (3), 177 मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है, जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसी क्रम में 10 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 91 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 27 हजार 300 रूपए का समन शुल्क लिया गया है।

### जान से मारने की धमकी देकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जान से मारने की धमकी देकर दैहिक शोषण कर अश्लील फोटो-वीडियो व्हाट्सएप में वायरल करने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी रंजन नायक से उसकी जान पहचान थी, इस दौरान 28 जुलाई को वह घर पर अकेली थी, तभी आरोपी द्वारा घर आकर धमकी देते हुए जबरदस्ती दैहिक शोषण किया और फोटो-वीडियो बना लिया किसी को बताओगी तो जान से मारने की धमकी देते हुए फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़िता डर से किसी को नही बताती थी। आरोपी द्वारा पीड़िता को धमकी देते हुए पैसे की मांग करने लगा नही देने पर आरोपी ने वीडियो, फोटो को व्हाट्सएप ऐप के माध्यम से वायरल कर दिया। रिपोर्ट पर थाना चांपा में आरोपी के विरुद्ध धारा 376 (2) ढ 506, 509 ख भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कम्प्यूटर सेंटर में लगी आग, मचा हड़कंप

**चांपा।** चांपा के लायंस चौक स्थित नाईस टेक कम्प्यूटर सेंटर में अचानक लग गई। देखते ही देखते आसपास के इलाके में हडकंप मच गया। घटना में कम्प्यूटर सेट समेत लाखों का माल जलकर खाक हो गया। घटना शार्ट सर्किट के चलते होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं दमकल की मदद से आगजनी पर काबू पाया गया। ज्ञात हो कि चांपा शहर के लायंस चौक में नाईसटेक कम्प्यूटर सेंटर का संचालन राहुल पत्की द्वारा किया जा रहा है। जहां कम्प्यूटर की पढ़ाई लिखाई करने के लिए ना केवल चांपा शहर बल्कि आसपास गांव के लोग बड़ी संख्या मे पहुंचते है। सोमवार 11 दिसंबर को नाइस टेक कंप्यूटर संस्थान में अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह एसी में शार्ट सर्किट को बताया जा रहा है। घटना के चलते कम्प्यटर संचालक को लाखों का नुकसान हुआ है। बहरहाल आगजनी की सूचना मिलते ही प्रशासन भी अलर्ट हो गया है।

---

माता श्रीमती जसमनी देवी ने जनता का जताया आभार

# मुख्यमंत्री की माता जसमनी देवी का किया गया नागरिक अभिनंदन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर**

छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव के गृह ग्राम बगिया में उनकी माता श्रीमती जसमनी देवी का नागरिक अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बहू राजकुमारी साय, बुआ मुघ साय, भाई जय प्रकाश साय और कुनकुरी के पूर्व विधायक रोहित साय उपस्थित थे।

गांव के बेटे विष्णु साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाएं जाने से उत्साहित ग्रामीणों ने माताश्री जसमनी देवी को फूलो का हार पहना कर अभिन्दन किया और उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर माताश्री श्रीमती जसमनी देवी ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जशपुर जिले के छोटे से गाँव के बेटे को छत्तीसगढ़ महतारी और यहां के आम लोगो की सेवा करने का जो अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है, उससे पूरा जशपुरांचल अभिभूत है।

उन्होंने अभिन्दन समारोह मे विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे छत्तीसगढ़, विकास की एक नई इबारत लिखेगा। उल्लेखनीय है कि रविवार को विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाएं जाने की घोषणा के बाद से बगिया सहित पूरे जशपुर जिले मे जश्न मनाया जा रहा है। ढोल ताशे और लोक संगीत की धुन पर महिला और पुरुष नृत्य कर, अपनी खुशियां व्यक्त कर रहे हैं। पूरे जिले भर से बगिया स्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पहुंच कर बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। आम लोगों की सुविधा के लिए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और डीआईजी डी रवि शंकर के मार्गदर्शन मे सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गईं है।





### बगिया में उत्सव का माहौल

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम की घोषणा होने के बाद से ही पूरे जशपुर जिले मे उत्सव का माहौल बना हुआ। आतिशबाजी का दौर लगातार चल रहा है। श्री साय के गृह ग्राम बगिया में बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, बगीचा, फरसाबहार सहित जिले भर के ग्रामीण अंचल से लोग यहां पहुंच कर, जशपुर के माटी पुत्र विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने की खुशियां मना रहे हैं। सुबह से लेकर रात तक, लोक गीतों की धुन मे नृत्य का दौर चल रहा है। उत्साहित महिला और पुरुष संगीत की धुन मे नृत्य में जुटे हुए है।

### शपथ ग्रहण समारोह का होगा सीधा प्रसारण

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मंत्रिमण्डल के सदस्य 13 दिसंबर को दोपहर 2 बजे रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित समारोह में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा जिससे प्रदेश के दूसरे हिस्सों में भी लोग समारोह को देख सकें। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम लाइव प्रसारित किया जाएगा। जिला मुख्यालय जशपुर के बस स्टैण्ड सहित नगरीय क्षेत्र कुनकुरी, बगीचा, कोतबा, पत्थलगांव शपथ ग्रहण समारोह का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में टीवी एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से लाइव प्रसारण लोगों को दिखाई जाएगी। जहां से आम जन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व मंत्री मंडल के शपथ ग्रहण समारोह को देख सकेंगे।

## दशकों बाद अब मिलेगी जर्जर सड़कों से निजात



जिले से मुख्यमंत्री बनने पर अब जिले के रुके विकास कार्य तेजी से होंगे। सभी सड़कों को चकाचक करने का काम भी शुरू हो चुका है। दशकों से जिलेवासियों को खराब और जर्जर सड़कों के कारण परेशानी उठानी पड़ रही थी, जिससे अब निताज मिलेगी। आजादी के बाद से अब तक इस क्षेत्र के लोग सुगम आवागमन के लिए अच्छी सड़क की मांग करते आ रहे थे, लेकिन उनकी मांगों को दरकिनार किया जा रहा था। अब विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री के बाद क्षेत्र की सड़कों का भी कायाकल्प होगा। जिले की सड़कें चकाचक होंगी, इसके लिए कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है। जिले के आमजन अब आसानी से आवागमन कर सकेंगे। जिले में सड़क निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ हो गए हैं। सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिले के एनएच सहित सभी सड़कों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण होने से लोगों को आवागमन में सुगमता होगी। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य कर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा चराईडांड़-बगीचा सड़क निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज चरईडॉड़-बगीचा में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और कार्य के गुणवत्ता की जायजा ली। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीएओ और उप अभियंता को समय पर सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क निर्माण के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने चल रहे निर्माण कार्य की जायजा लेते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को सड़क डमरीकरण कार्य में प्रगति लाते हुए समय पर कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। संबंधित विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चराईडॉड़ से बगीचा सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

---

## कलेक्टर ने ली निर्माण एजेंसियों की बैठक

### गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ समय अवधि में पूरा करने के निर्देश



**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाई और एनएच जैसे निर्माण एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाई, एनएच के कार्यपालन अभियंता उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्तापूर्ण कार्य कर समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न होने पर अवगत कराने कहा तथा यथाशीघ्र अवरोध का निराकरण करते हुए कार्य में प्रगति लाने की बात कही। साथ ही जिन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है उनकी निविदा की कार्रवाई पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## अभाविप के विभाग संयोजक बने गुलशन



**पत्थलगांव।** विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरगुजा विभाग के विभाग संयोजक बने छात्रों के आवाज गुलशन पांडेय दिल्ली में हो रहे राष्ट्रीय अधिवेशन में गुलशन पांडेय को बनाया गया विभाग संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में गुलशन पांडेय अपने स्कूली समय से ही कार्य कर रहे है छात्राओ की कई समस्याओं का समाधान कराते आ रहे गुलशन पांडेय कई बड़े बड़े प्रदेश के आंदोलन में भी शामिल हुए है गुलशन पांडेय पूर्व में नगर मंत्री, नगर उपाध्यक्ष , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जशपुर जिले का नेतृत्व जिला संयोजक जैसे दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय अधिवेश दिल्ली मे पूरे सरगुजा विभाग की जिम्मेदारी दी गई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरगुजा संभाग के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखने को मिली दिल्ली में जैसे ही उनके दायित्व का घोषणा हुआ उसके बाद लगातार कार्यकर्ताओं के द्वारा बधाई मिलना भी शुरु हो गया।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने विकसित भारत संकल्प यात्रा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर**

भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधयों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। भारत सरकार और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं- स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कलेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदी जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं व मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित करना होगा। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाया जा सके।

■ केन्द्र सरकार के सहयोग से होगा प्रारंभ

उक्त उददेश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार द्वारा राज्यों के सहयोग से प्रारंभ की जा रही है। जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुचाने के लिए 05 प्रचार-प्रसार वैन के माध्यम से योजनाओं जानकारी लोगों को दी जाएगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का उदेदश्य

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का उदेदश्य प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का है। योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जागरूकता लाना है, नागरिकों से सीखना, लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करना, यात्रा के दौरान प्राप्त विवरण के आधार पर संभावित लाभार्थियों का चयन करना है। इस यात्रा के लिए भारत सरकार द्वारा जिले को 05 आईईसी वैन दिया जाएगा। जिसमें प्रोग्राम का आयोजन करने हेतु एलईडी टीवी, माईक, स्वीकर, बुकलेट्स, क्वीज हेतु पुरस्कार, कार्यक्रम हेतु संपूर्ण आडियो विजुअल, बैनर-पोस्टर आदि उपलब्ध कराई जाएगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार वैन की सूची के अनुसार होगी तथा शहरी क्षेत्र में प्रचार-प्रसार हेतु पृथक से वैन उपलब्ध रहेगें। प्रदेश में यात्रा के आयोजन हेतु राज्य, जिला, शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों में विस्तृत कार्य योजना तैयार किया जायेगा। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारियों का नामांकन, उत्तरदायित्व के निर्वहन, समन्वय समितियों का गठन, तैनात अधिकारियों का प्रशिक्षण, वैन के रूट चार्ट, कार्यक्रम का तिथि एवं स्थल का निधारण, जागरूकता एवं प्रचार प्रसार एवं सफल आयोजन हेतु अन्य आवश्यक तैयारी की जाएगी। इस यात्रा हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा।

## डूबे युवक का 24 घंटे बाद भी नहीं मिला शव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

नगर पंचायत बलौदा स्थिति घुन्नी तालाब में नहाने गया युवक गहरे पानी में चला गया। घटना के 24 घंटे बाद भी लापता युवक का पता नहीं चल पाया है। वहीं युवक की तलाश करने गोताखोरों की मदद ली जा रही है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार 10 दिसंबर की दोपहर की है। नगर पंचायत बलौदा के वार्ड क्रमांक 5 निवासी आनंद तंबोली उम्र 22 साल बलौदा स्थित धुन्नी तालाब गया हुआ था। जहां नहाते वक्त वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। काफी देर तक युवक तालाब से बाहर नहीं निकला तो इस बात की जानकारी आसपास के लोगों द्वारा परिजन एवं पुलिस को दी गई। तत्पश्चात परिजन एवं पुलिस मौके पर पहुंचे एवं तालाब में डूबे युवक की पतासाजी में जुट गए। काफी देर तक जब युवक आनंद पानी से बाहर नहीं निकला तो इसे लेकर बलौदा पुलिस द्वारा एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई। सूचना के बाद गोताखोरों की टीम रविवार को बलौदा पहुंची। इस दौरान पानी में डूबे युवक की खोजबीन में लगे रहे। वहीं शाम को अंधेरा होने के बाद युवक की खोजबीन की प्रक्रिया बंद की गई। इसके बाद सोमवार 11 दिसंबर को आनंद की फिर से खोजबीन शुरू की गई। खास बात यह है कि घटना को हुए 24 घंटे बीत गए है, फिर भी युवक का पता नहीं चल पाया है। हालांकि समाचार लिखे जाने की स्थिति में युवक की खोजबीन चलती रही। कई बार नदी नाला एवं तालाब में नहाने के दौरान कई युवक पानी के तेज बहाव में आ जाते है।



## पीएचसी में ऑपरेशन से कराया प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों की मौत

**जांजगीर-चांपा।** गांव के सरकारी अस्पताल में प्रसव कराना एक परिवार को तब भारी पड़ गया जब ऑपरेशन करके बाहर निकाले गए नवजात की मृत्यु हो चुकी थी। यहीं नहीं ना जाने डॉक्टरों ने कैसा ऑपरेशन किया, जिसके बाद महिला के शरीर से इतना अधिक खून बह गया कि कुछ देर में वह भी भगवान को प्यारी हो गई। घटना के बाद दोनों का पोस्टमार्टम करवाया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना ग्राम कॉपन की है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कापन की रहने वाली महिला फूल बाई को शनिवार 9 दिसंबर को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी अस्पताल में शाम 7 बजे भर्ती कराया गया था, जिसके बाद रात 11 बजे तक डॉक्टर्स ने नॉर्मल प्रसव का इंतजार किया। नॉर्मल प्रसव नहीं होने पर रात 12 बजे ऑपरेशन कर नवजात शिशु को बाहर निकाला गया।

---

एनईएस में परिक्षेत्र स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

## फाइनल में पत्थलगांव कॉलेज ने अंबिकापुर को हराया

**जशपुर ।** शहर के एन ई एस महाविद्यालय में मंगलवार को परिक्षेत्र स्तरीय पुरुष खो खो प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव ने शासकीय महाविद्यालय अम्बिकापुर को हराया। प्रतियोगिता के आधार पर चयनकर्ताओं द्वारा राज्यस्तरीय एवं सरगुजा विश्वविद्यालय के लिए टीम का चयन किया गया।


प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने करते हुए टीमों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही। आयोजन में सरगुजा संभाग से नौ टीमों ने भाग लिया। इसमें एन ई एस महाविद्यालय सहित पत्थलगांव, सूरजपूर, अंबिकापुर,मनेंद्रगढ़, वाड्रफनगर, बैकुंठपुर के शासकीय महाविद्यालय की टीमें शामिल रहीं। इसके साथ ही अंबिकापुर के अशासकीय सरस्वती महाविद्यालय एवं साई बाबा महाविद्यालय की टीमें भी प्रतियोगिता में शामिल हुए। आयोजक शासकीय राम भजन राय एन ई एस महाविद्यालय सेमीफाइनल में शासकीय पीजी कॉलेज अंबिकापुर से हार गई। फाइनल मुकाबला शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव और शासकीय पीजी महाविद्यालय अंबिकापुर के बीच हुआ जिसमें शासकीय कॉलेज पत्थलगांव विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीम को प्राचार्य डा. विजय रक्षित के द्वारा ट्राफी प्रदान किया गया। प्राचार्य डा.रक्षित ने मैच रैफरी घनश्याम, राजकिशोरी , प्रतिमा खेस,शोभा राठिया एवं चयन समिति के संयोजक एस केरकेट्टा, क्रीड़ा अधिकारी शासकीय कन्या महाविद्यालय जशपुर एवं सदस्य अशोक, क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय, वाड्रफनगर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में एन ई एस कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक यू एन लकड़ा,ए आर बैरागी, डा ए के श्रीवास्तव, डी आर राठिया, जे आर भगत सहित सहायक प्राध्यापक वरुण श्रीवास,गौतम सूर्यवंशी और सभी प्राध्यापकगणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मनोरंजन कुमार की संगठन व्यवस्था में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




## तुस्मा का नर्सरी ग्राउंड रात में बन जाता है ओपन बार, हो रही परेशानी

**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा का नर्सरी ग्राउंड इन दिनों शराबियो का अड्डा बन गया है। रात होते ही मैदान में जाम छलकने लगता है। वहीं शराब पीने के बाद लोग डिस्पोजल एवं बाटल को वहीं पर फेंक देते है। जिससे उक्त स्थल पर गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो गया है।

नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के नर्सरी ग्राउंड में इन दिनों रात होते ही शराबियों का जमावड़ा हो जाता है। जहां लोग मोटर साइकिल में सवार होकर चखने के साथ मैदान में बड़ी संख्या में शराब पीने के लिए दाखिल होते है। और नर्सरी ग्राउंड में आराम से बैठकर शराब पीने का आनंद लेते है। दुख की बात यह है कि इन्हें कोई रोकने टोकने वाले नही है। जिसकी वजह से इन शराबियो के हौसले बुलंद है। वैसे तो खेल मैदान गांव के बच्चो, व युवा वर्ग खेल का अभ्यास करते है, लेकिन शाम ढलते ही शराबियों का हुजूम उमड़ पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है जिस तरह से सत्ता परिवर्तन होते ही चखना सेंटरो में प्रशासन की बुलडोजर चली है जिसके बाद से चखना सेंटर पूरी तरह से बंद हो चुका है। ठीक ऐसे ही जिम्मेदार विभाग द्वारा यदि एक से दो दिन मैदान में शराब पीने वालों पर कार्यवाही की जाए तो यहां भी शराबियों का हुजुम नहीं लगता। एक तरफ जहां बच्चो को खेल कूद में आगे बढ़ाने की बात सुर्खियों में चल रही है तो वहीं दुसरी तरफ बच्चों की प्रतिभा को दबाने के लिए शराबियों द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।



तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 9 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 13 दिसंबर 2023
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 सात दिवसीय रासेयो शिविर में फैलाई गई जनजागरुकता



## खबर संक्षेप

### मृतक के वारिस के लिए 28 लाख की राशि मंजूर

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिस के लिए 28 लाख रुपए की राशि मंजूर दी है। तहसील पोड़ी बचरा के ग्राम अमका की अंजली की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस पुन्नालाल, ग्राम बडेसाल्ही के अविनाश की संर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिश लक्ष्मी प्रसाद, ग्राम कदमबहरा के आदित्य की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश बलदेव सिंह, ग्राम टेडमा की ननकी बाई की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश घासीराय, ग्राम कदमबहरा के शिवांश की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश सनिता, ग्राम बड़े.कलुआ की सुनीता की गाज मारने से मृत्यु होने पर उनके वारिश सुमित एवं तहसील पटना के ग्राम बुड़ार के रूबेन्द्र की पानी डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश चंद्रवती के लिए 4-4 लाख रुपए की राशि की मंजूरी दी है।

### शहीद उप निरीक्षक शर्मा को मिला वीरता पदक

**अम्बिकापुर।** शहादत के ढाई वर्षों बाद शहीद उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा को वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। जवान मई 2020 में मानपुर थाना क्षेत्र में नक्सलियों का सामना करते हुए शहीद हो गए थे। आज आईजी व अन्य अधिकारियों द्वारा शहीद जवान के पिता को राष्ट्रपति का पुलिस वीरता पदक प्रदान किया गया। जिले के दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कंठी खाला निवासी शहीद उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा राजनांदगांव के मानपुर थाना क्षेत्र में पदस्थ थे। इस दौरान 8 मई 2020 को अविभाजित जिला राजनांदगांव हाल नवीन जिला मोहला मानपुर अंतर्गत चौकी के ग्राम परधोनी में पुलिस को 7 से 8 नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद थाना मानपुर से उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा, थाना प्रभारी मदनवाड़ा, एसआई प्रवीण द्विवेदी थाना प्रभारी कोहका के नेतृत्व में जिला पुलिस बल के 28 अधिकारी कर्मचारी ग्राम परधोनी की ओर सर्चिंग के लिए रवाना हुए थे। पुलिस पार्टी सर्चिंग करते हुए ग्राम परधोनी की ओर आगे बढ़ रही थी तभी रात लगभग 9.30 बजे नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुन फायरिंग शुरू कर दी थी। नक्सलियों द्वारा किए गए हमले के दौरान उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा ने अपनी जान की परवाह किए बिना डटकर दुश्मनों का सामना किया और वीरगति को प्राप्त हुए थे। शहीद श्री शर्मा के मरणोपरांत उन्हे राष्ट्रपति का पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया गया। आज आईजी अंकित गर्ग ने पुलिस महानिरीक्षक कार्यलाय में शहीद उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा के पिता बृजमोहन शर्मा को ससम्मान आमंत्रित किया और उन्हें भारत सरकार से प्राप्त वीरता पदक प्रदान किया।

### छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** पढ़ाई करने की बात कहकर दूसरे कमरे में गई छात्रा ने बहन के सो जाने पर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर परिजन ने छात्रा का फोटो एक लड़के द्वारा सोशल मीडिया में वायरल करने तथा आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मोतीपुर निवासी प्रियंका सिंह उर्फ रिया आ. जवाहिर (16 वर्ष) शहर के भट्ठापारा निवासी मामा विजय प्रताप सिंह के घर रहकर कक्षा 12वीं में पढ़ाई करती थी। गत दिन मामा परिवार के साथ कहीं गए हुए थे जबकि प्रियंका की बड़ी बहन रिया आई थी। रात में प्रियंका बड़ी बहन को पढ़ाई करने की बात कहकर दूसरे कमरे में चली गई। इस बीच बड़ी बहन सो गई और जब सुबह उठी तो बहन को न देख उसके कमरे में गई तो उसके होश उड़ गए। छोटी बहन प्रियंका फांसी में लटकी हुई थी।

## अब तक किसानों को 23 करोड़ से ज्यादा का भुगतान

# धान खरीदी केन्द्रों में आवक बढ़ी, 10 टन की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बेमौसम बरसात के बाद मौसम साफ होते ही धान खरीदी केन्द्रों में आवक बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार अब तक कोरिया-एमसीबी के 46 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के बदले राज्य सरकार ने लगभग 23 करोड़ 67 लाख 50 हजार 716 रूपए का भुगतान कर दिया है। पिछले कुछ दिनों में सहकारी समितियों में धान की रिकार्ड आवक हुई। दोनों जिलों में अब तक 2259 से अधिक किसानों से करीब 108432 क्विंटल धान की खरीदी की गई, वहीं इसके बदले किसानों को 23 करोड़ से अधिक का भुगतान भी कर दिया गया है। विदित हो कि धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू हो चुकी है, जो 31 जनवरी तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि प्रशासन ने जिले में कुल 1 लाख 33 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है, हालांकि अभी अगले 50 दिन तक धान खरीदी चलेगी। गौरतलब है कि जिले में बरसात बंद होने के बाद मौसम साफ होते ही किसान फिर से बचे हुए धान की कटाई और मिंजाई में लग गए हैं। धान खरीदी केन्द्रों में भी धान की आवक फिर से एक बार बढ़ने लगी है। धान खरीदी के लिए केवल 50 दिन ही बचे हैं। ऐसे में धान खरीदी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कोरिया में 22 उपार्जन केन्द्र बनाए गए थे। इनमें गिरजापुर, चिरमी, जामपारा, झरनापारा ,छिंदिया, तरगवां धौराटिकरा, पटना, पोंड़ी, बैमा, बड़ेकलुआ, रजौली, सरभोका ,कटगोड़ी, सलबा और सोनहत के उपार्जन केन्द्र में बड़ी संख्या में किसानों ने धान बेचा है। समितियों के द्वारा दोनों जिलों में अब तक 108432 क्विंटल धान खरीदा गया है। कोरिया जिले में 78 हजार 728 क्विंटल और एमसी जिले में 29 हजार 723.2 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है, इसके लिए किसानों को 12 दिसंबर की स्थिति में 23 करोड़ 67 लाख 50 हजार 716 रुपए का भुगतान कर दिया गया है। इसमें एमसी जिले में किसानों को 6 करोड़ 48 लाख 85 हजार 745.6 रुपए का भुगतान और कोरिया जिले में किसानों को 17 करोड़ 18 लाख 64 हजार 970.4 रुपए का भुगतान किया गया है। किसानों से अब तक 5 करोड़ 95 लाख 76 हजार 781 रुपए की ऋण वसूली भी की जा चुकी है। धान कटाई और मिंजाई अब पूर्णता की ओर है, इसलिए उपार्जन केन्द्रों में धीरे-धीरे धान की आवक बढ़ गई है। आने वाले दिनों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में और तेजी आएगी। किसानों का कहना है कि छग में समय पर मानसून की दस्तक के बाद बीच में वर्षा ब्रेक की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस कारण धान की खेती में भी विलंब हुआ। सितंबर के अंतिम दिनों तक धान की रोपाई हुई इस कारण धान की कटाई और मिंजाई का कार्य भी विलंब से हुआ। 1 नवंबर से धान की खरीदी आरंभ हो चुकी थी, लेकिन समितियों में धान लेकर आने वाले किसानों की संख्या कम थी।

इस बीच चुनावी शोरगुल में धान बिक्री को लेकर किसानों में भी ज्यादा उत्साह नहीं दिखा था, इसके बाद वे मौसम बरसात के कारण भी किसान धान की कटाई नहीं कर रहे थे ,लेकिन अब बारिश थम जाने के बाद अब सोमवार से धान खरीदी में तेजी आई है। अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए धान लेकर किसान पहुंचने लगे हैं। इस महीने के अंत तक समितियों में धान की आवक बढ़ जाएगी।

- मौसम साफ होने के बाद बढ़ी धान की आवक



जामपारा समिति में खरीदे गए धान।

### केवल मोटा धान ही बेच रहे किसान

12 दिसंबर की तारीख तक दोनों जिलों में अब तक 2259 से अधिक किसानों से धान की खरीदी की गई है। इनमें से सभी किसानों को ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है। वहीं कुछ किसानों के लिए अभी ऑनलाइन भुगतान नहीं बनाया गया है। यहां किसी भी किस से पतले धान की खरीदी नहीं की गई है। दोनों जिलों में 1 लाख क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी की जा चुकी है, लेकिन इस ऑकड़े में केवल मोटा धान ही शामिल है। कोरिया और एमसीबी जिले के 46 उपार्जन केन्द्र में धान बेचने के लिए पहुंचे लगभग किसानों से केवल मोटे धान की खरीदी ही की जा रही है।

### 5 करोड़ से अधिक की ऋण वसूली

अभिभाजित कोरिया जिले में अब तक 2259 से अधिक किसानों से 108432 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें खरीदी के लिए राज्य शासन द्वारा 23 करोड़ 67 लाख 50 हजार 716 रुपए का भुगतान किया गया है। इस भुगतान में से 5 करोड़ 95 लाख 76 हजार 781 रुपए की ऋण वसूली की जा चुकी है। कोरिया जिले में किसानों से 4 करोड़ 59 लाख 39 हजार 873.59 रुपए की वसूली की गई है। एमसीबी जिले में किसानों से 1 करोड़ 36 लाख 36 हजार 907.95 रुपए ऋण वसूली कर ली गई है।



अलाव का सहारा लेते लोग।

# लुढ़का पारा, कंपकंपा रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में अब कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। लगातार बढ़ रहे ठंड की वजह से लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। शहर में कई जगहों पर अलाव जल रहे हैं।

मौसम विभाग की मानें तो कोरिया जिले में 14 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 24 डिग्री रहेगा, वहीं हल्का कोहरा रहेगा। इसी तरह 15 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 24 डिग्री रहने की संभावना बनी हुई है। क्षेत्र में ठंड बढ़ सकती है, मौसम में आए बदलाव ने मरीजों की मुश्किल बढ़ा दी है। बुखार के साथ ही खांसी व जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। पिछले एक सप्ताह से दिन व रात के तापमान में दोगुना अंतर है। सोमवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के बीच रहा। पिछले दिनों हुई हल्की बारिश से मौसम ठंडा हो गया। बच्चे इसके प्रभाव में आने लगे हैं। जिला अस्पताल में मौसमी बीमारी के भी मरीज बढ़ने लगे हैं। अस्पतालों में अधिकांश सर्दी जुकाम, बुखार व खांसी के मरीज आ रहे हैं। डॉक्टर भी उपचार करने के साथ दवा देते हुए बचाव विधि बता रहे हैं।

हड्डी संबंधित रोगियों की भी संख्या बढ़ रही है, ऐसे में ठंड के मौसम में शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म कपड़े पहनें, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। ठंडा पानी पीने से बचें। तेज गर्म पानी के स्नान से बचे और पौष्टिक भोजन करें, जहां तक संभव हो पीने में गुनगुने पानी का प्रयोग करें। दुपहिया वाहनों पर सफर करते समय पूरा शरीर ढका होना चाहिए। सीधे तेज हवा के संपर्क में आने से बचें। बच्चों को ठंड से बचाएं, उन्हें गर्म कपड़े पहनाएं।

- मौसम साफ होने के बाद बढ़ी ठंड

## बिना अनुमति सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे कर्मियों का कटेगा वेतन

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यालय छोड़कर सीएमएचओ कार्यालय में आने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के एक दिवस के वेतन में कटौती होगी।

सीएमएचओ कोरिया डॉ. सेंगर ने आदेश जारी कर बीएमओ सोनहत एवं पटना तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पोंड़ी बचरा, चिरमी, बड़े साल्ही एवं बंजारीडांड़ को निर्देश दिए हैं। आदेश में अधिकारियों को उन स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन कटौती की हिदायत दी गई है जो बिना अनुमति के सीएमएचओ कार्यालय में देखे गए थे, वहीं जारी आदेश में लिखा है कि कोरिया जिले के सोनहत एवं पोंड़ी बचरा तहसील क्षेत्र में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा अपने प्रभारी और उच्चाधिकारियों से अनुमति लिए बिना वे सीएमएचओ कार्यालय बैकुंठपुर में पहुंचे थे, इसके पूर्व भी उन्हें कई बार समझाइश दी गई है, बावजूद इसके स्वास्थ्य अधिकारियों को बिना किसी कार्य के जिला कार्यालय के आसपास देखा गया है। बिना अनुमति अपने मुख्यालय से जिला कार्यालय नहीं आने के संबंध में भी इस कार्यालय से पत्र जारी किया गया है, इसलिए 11 दिसंबर को वे स्वास्थ्य अधिकारी जो सीएमएचओ कार्यालय बैकुंठपुर में बिना कार्य के आए हुए थे, उन सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा अपने कार्य स्थल पर अनुपस्थित रहने के कारण 1 दिन का वेतन कटौती किया जाएगा।

### घर से निकली किशोरी नहीं आई वापस

**अम्बिकापुर।** परिजन को बिना बताए घर से निकली किशोरी वापस नहीं लौटी। परिजन ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। रजपुरी खुर्द निवासी 16 वर्षीय किशोरी कुछ दिन पूर्व ग्राम लोटाबहरा निवासी बड़ी बहन के यहां धान काटने गई थी। जहां से तीन चार दिन तक रहने के बाद वापस लौट आई। 6 दिसंबर की दोपहर किशोरी परिजन को बिना बताए ही कहीं चली गई जिसके बाद वापस नहीं लौटी। इधर परिजन किसी परिचित के यहां चले जाने की आशंका पर खोजबीन नहीं की परंतु जब रात में किशोरी घर नहीं आई तो परिजन ने खोजबीन की परंतु किशोरी का कहीं पता नहीं चला। परिजन गांव के अलावा रिश्तेदार के यहां पता किया और जब किशोरी का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

# मोहन के सीएम बनने पर सर्व यादव समाज ने मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर मनेन्द्रगढ़ के गांधी चौक में सर्व यादव समाज द्वारा आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई गई। इस मौके पर यादव समाज के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में भाजपा को भारी बहुमत के बाद सभी की निगाहें मुख्यमंत्री को लेकर लगी हुई थी और सोमवार को जैसे ही भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा डॉ. मोहन यादव के नाम की घोषणा की गई, यादव समाज के लोग उत्साह से भर गए। 11 दिसंबर को जैसे ही भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा डॉक्टर मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई, यादव समाज के लोग शहर के गांधी चौक में जमा होने लगे। 12 दिसंबर की दोपहर यादव समाज के लोग रैली निकाल कर गांधी चौक पहुंचे और चौराहे में आतिशबाजी कर नारेबाजी की। इस मौके पर समाज के नेताओं ने कहा कि भाजपा द्वारा जिस तरह से यादव समाज को महत्व दिया, उससे पूरे देश में खुशी है और यादव समाज के लोगों में उत्साह है। इस दौरान सरजू यादव, सभाजीत यादव, सुधीर यादव, गोपी यादव, निखिल यादव, रवि यादव, राजेश यादव, मेहुल यादव, वासु यादव, शिव यादव, जितेन्द्र यादव, रामा यादव, जयंती यादव, गोलू यादव, राकेश यादव, गोपाल यादव, शंकर यादव, सरोज यादव, मीरा यादव, प्रतिमा यादव, सुनीता यादव आदि मौजूद रहे।

- एमपी में मोहन यादव बनाए गए हैं मुख्यमंत्री



गांधी चौक पर आतिशबाजी कर जश्न मनाते समाज के लोग।

## गोंडवाना महासभा ने मनाया बलिदान दिवस

**बैकुण्ठपुर।** जिले के ग्राम तोलगा में कोया पुनेम गोंडवाना महासभा छग के प्रदेश कार्यसमिति के द्वारा अमर शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस मनाया।

इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि मनोज सिंह कमरो, राष्ट्रीय सचिव विद्यासागर सिंह श्याम, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इंजीनियर क्षितिज सिंह पोया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अमर शहीद वीरनारायण सिंह के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उनकी जीवन पर मुख्य अतिथि श्री कमरो के द्वारा प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं को सीख लेने की आवश्यकता है, इनकी जीवनी से हमें अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। हमारे समाज की दुर्दशा के लिए काफी हद तक मदिरापान भी जिम्मेदार है, इसलिए सामाजिक कार्यों में सामूहिक रूप से शराब वितरण कर प्रचलन बंद होने चाहिए। ⏭ शेष पेज 4 पर



बलिदान दिवस मनाते महासभा के लोग ।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती का आयोजन 15 से

**बैकुण्ठपुर।** प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जांजगीर चांपा जिले में 15 से 23 दिसंबर तक पुलिस लाईन खोखराभांठा जांजगीर में अग्निवीर थल सेना भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। इस थल सेना भर्ती रैली के लिए अप्रैल 2023 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई का आयोजन किया गया था। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन किया जा रहा है। उक्त भर्ती रैली में सीईई परीक्षा उत्तीर्ण युवा अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकते हैं।

## साहसिक शिविर में शामिल हुए शशि और सुहानो

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत साहसिक शिविर का आयोजन मनाली हिमांचल प्रदेश के अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट माउंटेरिंग एंड स्पोर्टस मनाली के कैम्पस में किया गया। इसमें छग, महाराष्ट्र एवं हरियाणा के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

छग के 20 स्वयंसेवकों ने सहभागिता किया। इसमें संत गहिरा विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर से चयनीत 6 स्वयंसेवकों में कोरिया जिले से शशि कुमार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर एवं कुमारी सुहानो शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर शामिल रहे। साहसिक शिविर का उद्घाटन बीते 28 नवंबर को अटल बिहारी वाजपेई इंस्टीट्यूट माउंटेनरिंग एण्ड स्पोर्ट्स मनाली के डायरेक्टर के द्वारा किया गया। तत्पश्चात दूसरे दिन माउंटेन क्लाम्बिग, रॉक क्लाम्बिग, बॉल क्लाम्बिग, ⏭ शेष पेज 4 पर



शिविर में शामिल स्वयंसेवक।

## टीएल की मीटिंग: विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने दिशा-निर्देश

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने करें जागरूक: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को सफल बनाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डॉ.चतुर्वेदी ने बैठक में बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सकें। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुलभ बनाने के लिए जागरूकता सुनिश्चित करना होगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाया जा सकें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से आईईसी वैन के रूट चार्ट तैयार करने ⏭ शेष पेज 4 पर



टीएल की बैठक लेते जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी।

### आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के जुड़े कार्यों पर गहन समीक्षा

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के जुड़े कार्यों पर गहन समीक्षा की। उन्होंने 14 बिंदुओं पर चर्चा करते हुए विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरणों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में 17 जिलों के 20 विकासखंड़ों का आकांक्षी ब्लॉक के रूप में चयन किया गया है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के चयनित बैकुंठपुर विकासखंड़ अंतर्गत निम्न क्षेत्रों में जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबंधित सेवाएं बुनियादी ढांचा, सामाजिक विकास में विशेष ध्यान दिया जाएगा। समय-सीमा की बैठक में श्री चतुर्वेदी ने लोक सेवा अधिनियम में प्राप्त प्रकरणों, जनचौपाल सहित समय-सीमा में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

# आम के पेड़ों में अभी से आए बौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आम के पेड़ों पर बौर आमतौर पर जनवरी के बाद दिखाई देते हैं। जनवरी-फरवरी माह में आम के पेड़ों पर बौर आने शुरू हो जाते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण अब समय से पहले ही कुछ आम के पेड़ों पर आम के बौर आना शुरू हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम नौगई, पहाड़पारा में एक आम के पेड़ पर नवंबर माह के अंतिम दिनों से ही एक आम के पेड़ पर बौर आने की शुरूआत हो गई और अब उस पेड़ पर आम के बौर बडेÞ हो गए हैं। हालांकि ऐसे कुछ ही पेड़ हैं, इनमें बौर आने शुरू हो गए हैं। ज्यादातर आम के पेड़ों पर जनवरी -फरवरी माह में ही बौर दिखाई देते हैं और मार्च-अप्रैल माह में आम की टिकोरी लगना शुरू हो जाते हैं। समय से पूर्व आम के पेड़ पर बौर आने से लोगों की नजर बरबस ही जा रही है, जबकि अभी कोयल की कूं-कूं की आवाज भी नहीं सुनाई दे रही है, कोयल की मीठी आवाज जब शुरू होती है, तब मानते हैं कि अब आम के पेड़ों पर बौर आना शुरू होगा। बसंत ऋतु की शुरूआत होने के साथ ही आम के पेड़ों पर बौर आते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के असर के कारण कुछ आम के पेड़ों पर इससे पहले भी बौर आना शुरू हो जाते हैं।



